for procurement of power house equipment of the Sardar Sarovar Project.

(c) and (d) The commissioning schedule will *inter alia* depend upon the availability of funds.

Setting up of lignite based power plant in Madhya Pradesh

3330. SHRI CHHOTUBHAI PATEL: Will the Minister of POWER be pleased to state:

(a) whether a proposal to start a lignite based power plant in Madhya Pradesh has been approved by Government;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) if not, what are the reasons for delay; and

(d) by when it is likely to be made operational?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF POWER (SHRI KALP NATH RAI): (a) to (d) No proposal for lignite based power plant in Madhya Pradesh has been received in the Central Electricity Authority.

जापान, दक्षिण कोरिया और चीन आदि की तुलना में देश में विद्युत की प्रति व्यक्ति खपत

3331. **मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी:** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में इस समय विद्युत की प्रति व्यक्ति खपत कितनी है;

(ख) क्या जापान, दक्षिण कोरिया, चीन और मलेशिया की तुलना में यह काफी कम है;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(घ) इस समस्या को सुलझाने के लिए सरकार की कौन-कौन सी योजनाएं है?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय): (क) देश में 1991-92 के दौरान विद्युत की प्रति व्यक्ति खपत 267.95 किलोवाट आवर (अनंतिम) थी।

(ख) जापान, दक्षिण कोरिया, चीन एवं मलेशिया में 1990 के दौरान विद्युत की प्रति व्यक्ति खपत क्रमशः 6944 किलोवाट आवर, 1953 किलोवाट आवर (वर्ष 1988 के लिए), 546 किलोवाट आवर और 1379 किलोवाट आवर थी।

(ग) विद्युत की प्रति व्यक्ति खपत, विद्युतीकृत गावों की संख्या, पम्पसेटों का ऊर्जन, राज्य के औद्योगिकीकरण के स्तर और प्रति व्यक्ति आय आदि पर निर्भर करती है।

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 30537.7 मेगावाट की क्षमता जोड़े जाने की परिकल्पना की गई है और देश में विद्युत की उपलब्धता अभिवृद्धि किए जाने हेतु किए जा रहे विभिन्न अन्य उपायों में विद्यामन विद्युत केन्द्रों से ईष्टतम विद्युत उत्पादन करना, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्यक्रम को क्रियान्वित करना, पारेषण एवं वितरण संबंधी हानियों की मात्रा को कम करना, प्रभावकारी भार प्रबंध और ऊर्जा संवर्द्धन उपाय करना, पड़ौसी राज्यों और प्रणालियों से सहायता प्रदान करने का प्रबंध करना शामिल हैं।

ग्वालियर और गुना में गैस-आधारित विद्युत परियोजनाओं की स्वीकृति

3332. **श्री कैलाश नारायण सारंग:** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) निकट भविष्य में विद्युत की कमी को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश के ग्वालियर और गुना जिलों में गैस-आधारित विद्युत परियोजनाओं के संबंध में केन्द्र सरकार को प्रस्तुत किए गए परियोजना प्रतिवेदनों के अनुमोदन की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) यदि हां, तो इन परियोजनाओं हेतु कब तक गैस की व्यवस्था कर दी जाएगी? और उन्हें कब तक गैस आबंटित कर दी जाएगी?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय): (क) 817 मे०वा० (4×131.3 मे०वा० जी०टी०+2×146 मे०वा० एस०टी० क्षमता वाली ग्वालियर गैस आधारित संयुक्त साइकिल विद्युत परियोजना तथा 90 मेगावाट (2×30 मे०वा० जी०टी०+1×30 मे०वा० एस०टी०) क्षमता वाली गुना गैस आधारित संयुक्त साइकिल विद्युत परियोजना को स्थापित किए जाने संबंधी प्रस्तावों की केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा जांच कर ली गयी है और एच० वी० जे० पाइपलाइन से नई विद्युत परियोजनाओं के लिए गैस उपलब्ध न होने के फलस्वरूप उन पर आगे कार्यवाही नहीं की जा रही है।